संख्या-469/2017/1879/22-2-2016-17(75)/2010

प्रेषक,

सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिरीक्षक,
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-2 ***लखनऊ: दिनांक 22 जून, 2017***

विषय:- जिला कारागार, मेरठ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राजपाल पुत्र श्री रामसिंह निवासी जनपद-मेरठ की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-34860/प्रोबेशन-3(एम-06-09-2016) दिनांक-26-09-2016 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें।

2- आपके उक्त पत्र द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्तावानुसार जिला कारागार, मेरठ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राजपाल पुत्र श्री रामसिंह, निवासी-ग्राम-चिन्दौड़ी, थाना-इंचौली, जनपद-मेरठ का रहने वाला है। दिनांक 21.08.2001 को समय लगभग 10:30 बजे रामवीर अपने पिता दाताराम के साथ चाय पी रहा था तभी वहां बन्दी चार सहअभियुक्तों के साथ मोटरसाईकिल से आया और दाताराम को देखकर बोला कि बहुत नेता बनता है व हमारी जासूसी करता है और गोलियां मारकर फरार हो गया। दाताराम की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-528/2002 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 148 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई0सी0एक्ट), मेरठ के आदेश दिनांक 18.02.2006 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 15.02.2016 तक 14 वर्ष 00 माह 09 दिन की अपरिहार सजा तथा 16 वर्ष 08 माह 06 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी के 02 सहअभियुक्त दोषमुक्त, 01 सहअभियुक्त कारागार में निरूद्ध है तथा 01 सहअभियुक्त जमानत पर रिहा। जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 21.08.2001 को समय लगभग 10:30 बजे दाताराम चाय की दुकान पर चाय पी रहा था तभी वहां बन्दी चार सहअभियुक्तों के साथ मोटरसाईकिल से आया और दाताराम को देखकर बोला कि बहुत नेता बनता है व हमारी जासूसी करता है और गोलियां मारकर फरार हो गया। दाताराम की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। बन्दी द्वारा जघन्य अपराध कारित किया गया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आंन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी राजपाल पुत्र श्री रामसिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है तथा सक्षम स्तर पर यह

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

पाया गया कि 01 सहअभियुक्त जेल में है तथा प्रोबेशन बोर्ड द्वारा रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। अत: समय से पूर्व रिहाई का औचित्य स्थापित नहीं होता है।

3- उपरोक्त वर्णित तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि बन्दी राजपाल (बन्दी संख्या-10046/12) पुत्र श्री रामसिंह निवासी जनपद-मेरठ के फार्म-ए पर यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के प्राविधानों के अन्तर्गत सम्यक् विचारोपरान्त उसे मुक्ति का पात्र नहीं पाया गया है। अतएव उक्त बन्दी की लाइसेन्स पर मुक्ति शासन द्वारा अस्वीकार कर दी गयी है। तदनुसार उसके फार्म-ए पर शासन के आदेश अंकित करके एतद्द्वारा वापस लौटाया जा रहा है। कृपया प्राप्ति स्वीकार करते हुए शासन के निर्णय से बन्दी को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

संलग्नक: यथोपरि।
(बन्दी का फार्म-ए एवं समस्त पत्रादि सहित)

भवदीय,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

संख्या-469/2017/1879(1)/22-2-2016 तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- जिला मजिस्ट्रेट, मेरठ।
2- वरिष्ठ अधीक्षक, जिला कारागार, मेरठ।
3- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री, कारागार विभाग को मा0 मंत्री जी के सूचनार्थ।
4- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

शासनादेश सख्या-469/2017/1879/22-2-2016-17(75)/2010

दिनांक 22 जून, 2017 का संलग्नक

<u>सरकार के आदेश</u>

जिला कारागार, मेरठ में निरूद्ध सिद्धदोष बन्दी राजपाल पुत्र श्री रामसिंह, निवासी-ग्राम-चिन्दौड़ी, थाना-इंचौली, जनपद-मेरठ का रहने वाला है। दिनांक 21.08.2001 को समय लगभग 10:30 बजे रामवीर अपने पिता दाताराम के साथ चाय पी रहा था तभी वहां बन्दी चार सहअभियुक्तों के साथ मोटरसाईकिल से आया और दाताराम को देखकर बोला कि बहुत नेता बनता है व हमारी जासूसी करता है और गोलियां मारकर फरार हो गया। दाताराम की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। उक्त अपराध हेतु बन्दी को सत्र परीक्षण संख्या-528/2002 में भा0द0वि0 की धारा-302/34, 148 के अन्तर्गत मा0 अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ई0सी0एक्ट), मेरठ के आदेश दिनांक 18.02.2006 द्वारा आजीवन कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया। बन्दी द्वारा दिनांक 15.02.2016 तक 14 वर्ष 00 माह 09 दिन की अपरिहार सजा तथा 16 वर्ष 08 माह 06 दिन की सपरिहार सजा भोगी गयी है। बन्दी के 02 सहअभियुक्त दोषमुक्त, 01 सहअभियुक्त कारागार में निरूद्ध है तथा 01 सहअभियुक्त जमानत पर रिहा। जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति की गयी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा बन्दी की समयपूर्व रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। प्रोबेशन बोर्ड की आख्या में उल्लेख किया गया है कि दिनांक 21.08.2001 को समय लगभग 10:30 बजे दाताराम चाय की दुकान पर चाय पी रहा था तभी वहां बन्दी चार सहअभियुक्तों के साथ मोटरसाईकिल से आया और दाताराम को देखकर बोला कि बहुत नेता बनता है व हमारी जासूसी करता है और गोलियां मारकर फरार हो गया। दाताराम की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। बन्दी द्वारा जघन्य अपराध कारित किया गया है तथा इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जायेगा। इस प्रकार बन्दी द्वारा किये गये अपराध की गम्भीरता एवं जघन्यता, जिला प्रोबेशन अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं जिला मजिस्ट्रेट द्वारा किये गये विरोध के दृष्टिगत यू0पी0 प्रिजनर्स रिलीज आन प्रोबेशन एक्ट, 1938 की धारा-2 के अन्तर्गत सिद्धदोष बन्दी राजपाल पुत्र श्री रामसिंह को फार्म-ए/लाईसेंस के आधार पर रिहा किये जाने की संस्तुति नहीं की गयी है तथा सक्षम स्तर पर यह पाया गया कि 01 सहअभियुक्त जेल में है तथा प्रोबेशन बोर्ड द्वारा रिहाई की संस्तुति नहीं की गयी है। अतः समय से पूर्व रिहाई का औचित्य स्थापित नहीं होता है। उक्त के दृष्टिगत सम्यक् विचारोपरान्त शासन द्वारा बन्दी की फार्म-ए के आधार पर समयपूर्व रिहाई अस्वीकार किये जाने का निर्णय लिया गया है।

(सूर्य प्रकाश सिंह सेंगर)
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in